आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपराज्यपाल ने अपने संदेश में महिलाओं की शक्ति उपलब्धियों और योगदान को संबोधित करते हुए शिक्षा और समानता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
- लिटिल अंडमान में समुद्र तटों की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- फरारगंज में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल संगीतमय कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण और शून्य रिसाव के प्रति जागरूक किया गया।
- दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की पहल पर सिप्पीघाट में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए योग सत्र का शुभारंभ किया गया।

<><><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए एक संदेश दिया है। इस वर्ष का विषय "Give to Gain" है, जिसका मूल संदेश है कि महिलाओं को शिक्षा, समान अवसर और सम्मान प्रदान करने से न केवल वे सशक्त बनती हैं, बल्कि पूरा समाज प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर होता है। अंडमान निकोबार प्रशासन ने महिलाओं के नेतृत्व, सार्वजनिक सेवा, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास में बढ़ती भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए अपने संकल्प को दोहराया। महिलाओं की उपलब्धियाँ पूरे क्षेत्र में नवाचार, सहनशीलता और समावेशी विकास के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे "Give to Gain" की भावना को अपनाकर महिलाओं को मार्गदर्शन, प्रेरणा और सशक्तिकरण प्रदान करें।

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ और सम्मान प्रकट करते हुए उनके योगदान की सराहना की है। महिलाएँ परिवार की मजबूत नींव, समाज की प्रगतिशील धारा और राष्ट्र की समृद्धि की आधारशिला हैं। उनके समर्पण, सहनशीलता, करुणा और नेतृत्व की क्षमता हर क्षेत्र में प्रेरणा स्रोत बनी हुई है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार निकोबार में ICDS के तहत महिलाओं के लिए जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र, जनजातीय परियोजना, के अंतर्गत कल पेरका सामुदायिक सभागार में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर AFFWA, कार निकोबार की अध्यक्षा रिंकू श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थीं। कार निकोबार के सहायक उपायुक्त, विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने महिलाओं के सशक्तिकरण और अलग–अलग क्षेत्रों में उनकी भागीदारी और समाज में उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार निकोबार की CDPO, शीला कर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम में भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका और योगदान को बढ़ावा दिया गया।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान में ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख समुद्र तटों पर कल बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह शुरू हुआ और ग्राम पंचायत हट बे के अंतर्गत जेट्टी बीच, हट बे तथा आर.के. पुर के अंतर्गत बटलर बे तट पर संचालित किया गया। यह पहल तटीय क्षेत्रों में जमा हो रहे कचरे को लेकर उठी चिंताओं के मद्देनजर की गई। स्वच्छता अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में कचरा और मलबा एकत्र कर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया गया। जेट्टी बीच, हट बे से 46 किलोग्राम पीईटी बोतलें, 5 किलोग्राम चप्पलें, 4 किलोग्राम थर्मोकोल, 10 किलोग्राम रस्सियां, 17 किलोग्राम मल्टीलेयर प्लास्टिक तथा 62 किलोग्राम कांच की बोतलें एकत्र की गईं। वहीं बटलर बे तट, आर.के. पुर से 20 किलोग्राम पीईटी बोतलें, 3 किलोग्राम चप्पलें, 10 किलोग्राम रस्सियां, 2 किलोग्राम मल्टीलेयर प्लास्टिक और 10 किलोग्राम कांच की बोतलें एकत्र की गईं।अभियान में अधिकारियों, पीआरआई सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक प्रयासों से समुद्र तटों की स्वच्छता और प्राकृतिक सुंदरता को बहाल करने के साथ स्वच्छ एवं टिकाऊ पर्यावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

<><><><><><><>

सड़क निर्माण प्रभाग विम्बर्लीगंज द्वारा फेरारगंज स्कूल मैदान में जल संरक्षण और 'जीरो लीकेज' के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जल संगीतमय समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यपालक अभियंता के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से जल आपूर्ति प्रणाली में होने वाले रिसाव को रोकने और ऐसी समस्याओं की समय पर सूचना देने का भी आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान मार्थोमा स्कूल और एमईएस स्कूल के छात्रों ने जल संरक्षण और जल आपूर्ति प्रणाली में शून्य रिसाव बनाए रखने के महत्व पर आधारित नाटक और लघु प्रस्तुतियां दीं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति और स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय के समन्वय से जिले में नियमित सामुदायिक योग सत्र आयोजित करने की पहल के तहत कल सिप्पीघाट पंचायत सामुदायिक भवन में सप्ताहांत योग सत्र का शुभारंभ किया गया। दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने सत्र का उद्घाटन किया और ग्राम पंचायत सिप्पीघाट के प्रधान, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। उद्घाटन सत्र के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले में चिन्हित सामुदायिक भवनों और अन्य स्थलों पर प्रत्येक शनिवार सुबह 7 बजे से 8 बजे तक सामुदायिक स्तर पर सप्ताहांत योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। कल आयोजित योग सत्रों में चिन्हित पचपन सामुदायिक स्थलों से स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान शारीरिक गतिविधि, मानसिक स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार के माध्यम से गैर–संचारी रोगों की रोकथाम के महत्व पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से इन योग सत्रों में नियमित रूप से भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा सेंटर फॉर स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से पिछले दिनों लिटिल अंडमान के पंचायत समिति भवन में एस्ट्रो गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपों में स्थानीय क्षमता का विकास करना तथा उभरते हुए विशिष्ट पर्यटन क्षेत्र के रूप में खगोल पर्यटन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को खगोल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, रात के आकाश का अवलोकन, दूरबीन के उपयोग, तारामंडल की पहचान तथा खगोल पर्यटन गतिविधियों के दौरान पर्यटकों को मार्गदर्शन देने से संबंधित आवश्यक व्याख्या कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में लिटिल अंडमान के कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) के स्वतंत्रता सेनानियों के पहले दल के अंडमान द्वीप समूह में आगमन की स्मृति में 10 मार्च को चाथम मेमोरियल में एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे आयोजित होगा।

इस अवसर पर दक्षिण अंडमान के उपायुक्त चाथम मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि देंगे। समारोह का उद्देश्य अट्ठारह सौ संतावन के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और योगदान को याद करना है, जिन्हें बाद में अंडमान द्वीपों में लाया गया था। इस गरिमामय अवसर पर सभी नागरिकों को समारोह में शामिल होकर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>